# 'अफगानिस्तान से पांच लाख लोगों के पलायन करने की आशंका'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 27 अगस्त।

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजंसी यूएनएचसीआर का अनुमान है कि आने वाले महीनों में अगर स्थिति और बिगड़ती है तो अफगानिस्तान से करीब पांच लाख लोग पलायन कर सकते हैं। यूएनएचसीआर का कहना है कि पिछले हफ्ते तालिबान द्वारा कब्जा किए जाने के बाद अफगानिस्तान की स्थिति अनिश्चित बनी हुई है और उसमें तेजी से बदलाव आ सकत है। एजंसी के अनुसार 5,15,000 नए शरणार्थी पलायन कर सकते हैं।

एजंसी ने कहा कि करीब 22 लाख अफगान पहले से ही विदेशों में शरणार्थी के रूप में पंजीकृत हैं। उनमें से लगभग सभी लोग पाकिस्तान और ईरान में हैं। सिफ4 इस साल सशस्त्र संघर्ष के कारण अफगानिस्तान में 5,58,000 लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हुए हैं। एजंसी लोगों को राहत पहुंचाने के लिए अपनी योजना की खातिर करीब 30 करोड़ अमेरिकी डालर की मांग कर रही है।

## भारत के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं : तालिबान

इस्लामाबाद, 27 अगस्त (भाषा)।

तालिबान के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि वह भारत समेत सभी देशों के साथ अच्छे संबंध चाहता है। उन्होंने संकल्प लिया कि अफगानिस्तान की भूमि का इस्तेमाल किसी भी देश के खिलाफ नहीं करने दिया जाएगा।

तालिबान के प्रवक्ता जुबिउल्लाह मुजाहिद ने यह भी कहा कि तालिबान भारत को क्षेत्र में एक अहम हिस्सा मानता है।

पाकिस्तान के एक चैनल ने बुधवार को मुजाहिद के हवाले से कहा, 'हम क्षेत्र के एक अहम हिस्से भारत समेत सभी देशों के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं। हमारी आकांक्षा है कि भारत अफगान लोगों के हितों के अनुरूप अपनी नीति तैयार करे।'

अफगानिस्तान में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और इस्लामिक स्टेट के सिर उठाने की आशंका से जुड़े सवाल के जवाब में मुजाहिद ने कहा, 'हमने पहले भी कहा है कि हम अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी अन्य देश के खिलाफ नहीं करने देंगे। हमारी नीति बिलकुल स्पष्ट है।'

## दो नहीं, एक स्थान पर हमला हुआ : पेंटागन

वाशिंगटन, 27 अगस्त (एपी)।

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने कहा है कि काबुल हवाई अड्डे पर केवल एक स्थल पर हमला हुआ था न कि दो स्थलों पर, जैसा कि पहले कहा गया था।

पेंटागन ने कहा कि इस्लामिक स्टेट के एक आत्मघाती हमलावर ने एबी गेट पर हमला किया जहां अफगानों की भीड़ थी जो काबुल हवाई अड्डे के भीतर घुसना चाहते थे। उसने कहा कि हवाई अड्डे के निकट बैरोन होटल पर कोई दूसरा धमाका नहीं हुआ था।

## आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने की आवश्यकता : भारत

संयुक्त राष्ट्र, 27 अगस्त (भाषा)।

अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में हुए आतंकवादी हमलों की कड़ी निंदा करते हुए भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा है कि ये हमले आतंकवाद और आतंकवादियों को पनाहगाह मुहैया कराने वालों के खिलाफ विश्व के एकजुट होकर खड़े होने की आवश्यकता को प्रबल करते हैं।

दो आत्मघाती हमलावरों और बंदूकधारियों ने काबुल के हवाईअड्डे पर अफगानों की भीड़ पर गुरुवार को हमला किया, जिसमें कम से कम 60 अफगान और 13 अमेरिकी सैनिक मारे गए।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि और सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष राजदूत टी एस तिरुमूर्ति ने गुरुवार को कहा, 'मैं काबुल में आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हम इस आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं।'

इथियोपिया पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की ब्रीफिंग में तिरुमूर्ति ने कहा कि काबुल में हुए हमले 'आतंकवाद और आतंकवादियों को शरण देने वाले सभी लोगों के खिलाफ एकजुट होने की विश्व की आवश्यकता को मजबूत करते हैं।'

अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट से संबद्ध 'इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्रांत' (आईएसकेपी) ने काबुल हवाईअड्डे के बाहर हुए हमलों की जिम्मेदारी ली है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने काबुल में हुए हमलों में मारे गए लोगों की जान का बदला लेने का संकल्प लिया है।

बाइडेन ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, 'इस हमले को अंजाम देने वाले और अमेरिका को नुकसान पहुंचाने की मंशा रखने वाले ध्यान रखें कि हम तुम्हें बख्शेंगे नहीं। हम यह भूलेंगे नहीं। हम तुम्हें पकड़कर इसकी सजा देंगे। मैं अपने देश के हितों और लोगों की रक्षा करूंगा।'

## आतंकी खतरों से निपटने के लिए सहयोग करते रहेंगे : चीन

बेजिंग, 27 अगस्त (भाषा)।

चीन ने काबुल हवाई अड्डे पर हुए हमलों पर हैरानी जताते हुए शुक्रवार को कहा कि अफगानिस्तान में सुरक्षा स्थिति जटिल और गंभीर बनी हुई है। उसने कहा कि बेजिंग आतंकवादी खतरों से निपटने व युद्ध से तबाह देश को आतंकवाद का अड्डा बनने से रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर काम करेगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा कि काबुल स्थित चीनी दूतावास ने बताया है कि आत्मघाती हमलों में कोई चीनी हताहत नहीं हुआ।

झाओ ने कहा, 'चीन काबुल हवाई अड्डे के पास हुए विस्फोटों से स्तब्ध है, जिसमें बड़े पैमाने पर लोग हताहत हुए हैं। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं।'

## भारत, ऑस्ट्रेलिया ने एफटीए पर बातचीत तेज करने के दिए निर्देश

नई दिल्ली, 27 अगस्त (भाषा)।

भारत और ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि दोनों देशों ने आपसी व्यापार संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए दिसंबर 2021 तक एक समझौते को अंतिम रूप देने का लक्ष्य तय किया है।

> द्विपक्षीय व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) को जल्द किसी मुकाम तक पहुंचाने पर हुई चर्चा

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष डैन तेहान के बीच बृहस्पतिवार को हुई बैठक में इस पर सहमति बनी। दोनों मंत्रियों ने अपने अधिकारियों को बातचीत में तेजी लाने का निर्देश दिया है और द्विपक्षीय व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) को जल्द किसी मुकाम तक पहुंचाने पर चर्चा की।

बयान में कहा गया कि इस संबंध में मंत्रियों ने अधिकारियों को बातचीत में तेजी लाने और वस्तुओं व सेवाओं के द्विपक्षीय व्यापार को उदार बनाने के लिए दिसंबर 2021 तक एक अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने के लिए जितनी बार जरूरी हो, बैठक करने का निर्देश दिया। बयान के मुताबिक दोनों नेताओं ने एक पूर्ण सीईसीए की दिशा में अंतरिम समझौते के संभावित अवसरों और प्रभावों पर विचार-विमर्श करने का फैसला भी किया।

## पाक में रसायन कारखाने में आग लगने से 15 श्रमिकों की मौत

कराची, 27 अगस्त (भाषा)।

पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची में शुक्रवार को एक रसायन कारखाने में भीषण आग लग जाने से कम से कम 15 श्रमिकों की मौत हो गई। मीडिया खबरों में यह जानकारी दी गई है।

जियो टीवी की खबर के अनुसार अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब शहर के मेहरान इलाके में रसायन के एक ड्रम में आग लग गई और फैक्टरी में फैल गई।

पुलिस ने बताया कि अब तक 15 श्रमिकों के शव बरामद किए गए हैं और अब भी 20 से अधिक लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका है। आग बुझाने की कोशिश में दो दमकलकर्मी घायल हो गए।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुबीन अहमद के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि आग पर काबू पा लिया गया है। मुबीन ने कहा कि कारखाने की छत पर ताला लगा हुआ था और कारखाने में प्रवेश करने का एक ही रास्ता था, जिससे कामगारों का बचना मुश्किल हो गया।डॉन समाचार पत्र की खबर के मुताबिक सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह ने कराची के आयुक्त और श्रम विभाग से घटना के संबंध में रिपोर्ट मांगी है।

## श्रीलंका में पूर्णबंदी छह सितंबर तक बढ़ी

कोलंबो, 27 अगस्त (भाषा)।

श्रीलंका में कोविड-19 से मौत के मामलों में वृद्धि और स्वास्थ्य व्यवस्था पर बढ़ते दबाव के मद्देनजर राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन को छह सितंबर तक बढ़ा दिया गया है।

सरकार ने शुक्रवार को शीर्ष स्तरीय बैठक के बाद यह फैसला लिया। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने 20 अगस्त को 10 दिन के लॉकडाउन का आदेश दिया था।

स्वास्थ्य मंत्री के रामबुकवेला ने संवाददाताओं को बताया, 'कर्फ्यू सोमवार छह सितंबर को तड़के चार बजे तक जारी रहेगा।'

श्रीलंका में बुधवार को संक्रमण से रेकॉर्ड 209 लोगों की मौत हुई। महामारी फैलने के बाद से एक दिन में हुई मौतों की यह सबसे बड़ी संख्या है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गुरुवार तक कोरोना संक्रमण से 8,157 लोगों की मौत हो चुकी है। संक्रमितों की कुल संख्या 4,12,370 है। मौजूदा लहर के दौरान 15 अप्रैल से अब तक 7,500 रोगियों की मौत हो चुकी है। 21 अगस्त से लेकर गुरुवार तक 1,172 रोगियों की मौत हुई है।

## अफगानिस्तान से आने वाले चार हजार लोगों के ठहरने की व्यवस्था कर रहा है पाकिस्तान

इस्लामाबाद, 27 अगस्त (भाषा)।

पाकिस्तान अफगानिस्तान से आने वाले करीब 4,000 लोगों के ठहरने का इंतजाम कर रहा है, जिनमें ज्यादातर अफगान नागरिक हैं। ये लोग एक सीमित अवधि के लिए पाकिस्तान में रुकेंगे।

अमेरिकी दूतावास ने पाकिस्तान सरकार से अफगानिस्तान से पूरी तरह से उनके सैनिकों की वापसी के लिए तय 31 अगस्त की समय सीमा से पहले निकासी के प्रयासों में मदद करने अनुरोध किया था।

अधिकारियों ने कहा कि दूतावास ने तीन श्रेणियों के तहत यात्रियों को ठहराने या स्थानांतरित करने की अनुमति मांगी, जो अमेरिकी राजनयिक/नागरिक, अफगान नागरिक और अन्य देशों के लोग हैं।

युद्ध के दौरान नाटो के सैन्य बलों की सहायता करने वाले अफगानों सहित लगभग 4,000 लोगों को अमेरिका ले जाने से पहले कुछ समय के लिए कराची और इस्लामाबाद लाया जाएगा।

इस्लामाबाद प्रशासन आने वाले लोगों के ठहरने के लिए उपाय कर रहा है और उसने राजधानी और पड़ोसी रावलपिंडी में 150 से अधिक होटलों को विदेशियों को लगभग तीन सप्ताह तक रखने के लिए स्थानीय मेहमानों की बुकिंग बंद करने का आदेश दिया।

अधिकारियों ने बताया कि हवाईअड्डा और राजधानी से हवाईअड्डा को जोड़ने वाले मुख्य राजमार्ग के आसपास भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सिंध प्रांत की सरकार भी कराची में यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था कर रही है।

## नीरव मोदी की 500 करोड़ की संपत्ति का 'कब्जा' पीएनबी को देने की अनुमति

मुंबई, 27 अगस्त (भाषा)।

मुंबई की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को भगोड़े जौहरी नीरव मोदी की कंपनियों की 500 करोड़ रुपए की संपत्तियों का 'कब्जा' पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) को देने की अनुमति प्रदान की।

> लगभग दो सप्ताह की अवधि में यह तीसरा इस तरह का आदेश

लगभग दो सप्ताह की अवधि में यह तीसरा ऐसा आदेश है, जिसमें नीरव मोदी की कंपनियों के स्वामित्व वाली लगभग 1,000 करोड़ रुपए की संपत्तियों का इस तरह कब्जा प्रदान किया जा चुका है।

नीरव मोदी को दिसंबर 2019 में 'भगौड़ा आर्थिक अपराधी' घोषित किया गया था जबकि उसके रिश्तेदार मेहुल चौकसी पर पीएनबी के साथ 14,000 करोड़ रुपए की ऋण धोखाधड़ी करने का आरोप है। प्रवर्तन निदेशालय ने इन दोनों की कई संपत्तियों को जब्त किया है।

नीरव मोदी वर्तमान में ब्रिटेन की जेल में है और भारत में प्रत्यपर्ण के मुकदमे का सामना कर रहा है।

## राज्यों का राजकोषीय घाटा 2021-22 में 4.1 फीसद रहने का अनुमान

मुंबई, 27 अगस्त (भाषा)।

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने शुक्रवार को कहा कि उसे उम्मीद है कि देश में राज्यों का राजकोषीय घाटा कम होकर चालू वित्त वर्ष में 4.1 फीसद पर रह सकता है। इससे पहले इसके 4.3 फीसद रहने का अनुमान जताया गया था।

वित्त वर्ष 2021-22 में राजकोषीय घाटे के अपने पूर्वानुमान में मामूली कमी के साथ ही रेटिंग एजंसी को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में कुल ऋण-जीडीपी अनुपात 34 फीसद के पिछले अनुमान के मुकाबले कम होकर 32.4 फीसद रह सकता है।

रेटिंग एजंसी ने एक रिपोर्ट में कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि भारत में राज्यों का कुल राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मुकाबले कम होकर 4.1 फीसद रह जाएगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि आर्थिक सुधार और टीकाकरण में तेजी के कारण राज्य सरकारों की राजस्व प्राप्तियों में सुधार की उम्मीद है। एजंसी ने कहा कि इससे राज्यों में व्यापार तथा वाणिज्यिक गतिविधियों पर प्रतिबंधों में और ढील मिलेगी। इंडिया रेटिंग्स ने कहा कि अब हम उम्मीद करते हैं कि राज्यों का कुल राजस्व घाटा वित्त वर्ष 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद का 1.3 फीसद रहेगा, जबकि पहले इसके 1.5 फीसद रहने का अनुमान जताया गया था। एजंसी ने 14 राज्यों के पहली तिमाही के आंकड़ों के विश्लेषण में पाया कि इस दौरान राज्यों की कुल राजस्व प्राप्तियां 30.8 फीसद बढ़कर 3.95 लाख करोड़ रुपए हो गईं। हालांकि, उसका कहना है कि यह वृद्धि पिछले वर्ष के निम्न तुलनात्मक आधार के ऊपर हासिल की गई है।

## फसलों के मूल्य को लेकर अब बीकेएस ने दी आंदोलन की चतावनी

इंदौर, 27 अगस्त (भाषा)।

केंद्र सरकार द्वारा फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) घोषित करने की व्यवस्था को 'छलाव' करार देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समर्थित भारतीय किसान संघ (बीकेएस) ने नया मोर्चा खोल दिया है। बीकेएस के एक शीर्ष अधिकारी ने सरकार को चार दिन की मोहलत के साथ चेतावनी दी है कि अगर उसने खेती की लागत के आधार पर किसानों को फसलों के लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए कठोर कानून बनाने की हामी 31 अगस्त तक नहीं भरी, तो आठ सितंबर को देश भर में एक दिवसीय धरने के साथ आंदोलन की घोषणा जाएगी।


## एनएचपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

CIN: L40101HR1975GOI032564
पंजीकृत कार्यालयः एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सैक्टर-33, फरीदाबाद, (हरियाणा)-121003
ई-मेलः companysecretary@nhpc.nic.in, टेलीफैक्सः 0129-2588110,
वेबसाइटः www.nhpcindia.com

### वीसी/ओएवीएम के माध्यम से 45वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन

1. कंपनी के सदस्यों की 45वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के सभी लागू प्रावधानों एवं इस निमित्त बनाए गए नियमों एवं कारपोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") और सेबी द्वारा जारी इस मामले पर सभी लागू परिपत्रों के साथ पठित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") (लिस्टिंग दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियम, 2015 के अनुपालन में वार्षिक आम बैठक आमंत्रण सूचना में विनिर्दिष्ट किए गए कारोबार को संपादित करने के लिए **बुधवार, 29 सितम्बर,** 2021 को **अपराह्न 3:00 बजे** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") / अन्य ऑडियो-विजुअल मीन्स ('ओएवीएम') के माध्यम से आयोजित की जाएगी। वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्यों को इस अधिनियम की धारा 103 के तहत न्यूनतम अपेक्षित संख्या (कोरम) के उद्देश्य से गिना जाएगा। बैठक का स्थान कंपनी का पंजीकृत कार्यालय माना जाएगा।

2. सुसंगत परिपत्रों के अनुपालन में, कंपनी के उन सभी सदस्यों जिनके ई-मेल पते कंपनी / आरटीए / डिपॉजिटरी सहभागियों (डीपी) के साथ पंजीकृत हैं, को एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2020-21 केवल इलैक्ट्रोनिक माध्यम से भेजी जाएगी। एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2020-21 कंपनी की वेबसाइट www.nhpcindia.com पर और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात् बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com पर और ई-वोटिंग सेवा प्रदाता अर्थात् मेसर्स नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध होंगी।

3. **ई-मेल पते को पंजीकृत करने और अद्यतन करने का तरीकाः**
   क) डीमेट मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास अपना ई.मेल पता पंजीकृत / अद्यतन करवा लें।
   ख) फिजिकल मोड में शेयर रखने वाले सभी सदस्य और वे सदस्य जिन्होने कंपनी के साथ अपना ई-मेल पता पंजीकृत / अद्यतन नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपना नाम, फोलियो नंबर और पता का उल्लेख करते हुए हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की प्रति के साथ संलग्न, पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति और पते के समर्थन में किसी भी दस्तावेज (जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, चुनाव पहचान प्त्र, पासपोर्ट आदि) की स्व.सत्यापित प्रति के साथ कंपनी (ईमेल : gm2021@nhpc.nic.in) / आरटीए (ईमेल : alankit.nhpc@alankit.com) को लिखकर इसे पंजीकृत / अद्यतन करवा लें।

4. **ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का तरीकाः**
   क) सदस्यों के पास इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ("ई-वोटिंग") के माध्यम से एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय पर अपना वोट डालने का अवसर होगा। एजीएम की सूचना में डीमेट मोड, फिजिकल मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों और अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं करवाने वाले सदस्यों के लिए रिमोट ("रिमोट ई.वोटिंग") मतदान का तरीका प्रदान किया गया है। विवरण कंपनी की वेबसाइट www.nhpcindia.com और ई.वोटिंग सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं।
   ख) एजीएम के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के जरिए वोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, एजीएम के दौरान ई-वोट कर सकेंगे।
   ग) ई-वोटिंग के माध्यम से वोट देने के लिए लॉगिन क्रेडेंशियल को ई-मेल के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। जिन सदस्यों को ई-मेल प्राप्त नहीं होती है अथवा जिनका ई-मेल का पता डीपी / आरटीए / कंपनी के पास पंजीकृत नहीं हैं, वे एजीएम नोटिस में दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लॉगिन क्रेडेंशियल बना सकते हैं।
   घ) वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल होने के लिए वही लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग किया जा सकता है।

5. **वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल होनाः**
   एजीएम में शामिल होने के लिए उपयोग किए जाने वाले लॉगिन क्रेडेंशियल की सूचना और अपनाए जाने वाले चरणों का विवरण एजीएम के नोटिस में दिया गया है।

6. **लाभांश प्राप्त करने के अधिदेश को पंजीकृत करने के तरीकेः**
   सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपना पूरा बैंक विवरण निम्नानुसार पंजीकृत/अद्यतन करें:
   I. अपने संबंधित डिपॉजिटरी सहभागियों के साथ, जिनके साथ वे अपने डीमैट खाते को बनाए रखते हैं, यदि शेयरों को डीमैट रूप में रखा जाता है, तो डिपॉजिटरी प्रतिभागी (ओं) द्वारा आवश्यक फॉर्म और दस्तावेज जमा करके तथा
   ii. कंपनी (investorcell@nhpc.nic.in) या आरटीए (alankit.nhpc@alankit.com) के साथ, यदि शेयर फिजिकल मोड में हैं, तो निम्नलिखित प्रस्तुत करना है:
   क. हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैन की गई प्रति जिसमें सदस्य का नाम, फोलियो नंबर, बैंक विवरण (बैंक खाता संख्या, बैंक और शाखा का नाम और पता, IFSC, MICR विवरण) होगा।
   ख. पैन कार्ड की सेल्फ अटेस्टेड कॉपी, और
   ग. रद्द किए गए चेक की मूल प्रति

7. **सदस्यों से अनुरोध है कि एजीएम की सूचना में दिए गए सभी नोट्स और विशेष रूप से एजीएम में शामिल होने के निर्देश, रिमोट ई-वोटिंग और एजीएम के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के तरीके को ध्यान से पढ़ें।**

एनएचपीसी लिमिटेड के लिए एवं उनकी ओर से
हस्ता/

दिनांक : 27.08.2021
स्थान : फरीदाबाद

(सौरभ चक्रवर्ती)
कंपनी सचिव


## एनडीटीवी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं करे सेबी : सुप्रीम कोर्ट

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 27 अगस्त।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सेबी को आदेश दिया कि एनडीटीवी के प्रवर्तकों प्रणय राय और राधिका राय के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई न की जाए। इन दोनों पर इनसाईडर ट्रेडिंग के आरोप की सेबी जांच कर रही है। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण की अध्यक्षता वाले पीठ के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि वे एनडीटीवी की इस राय से सहमत हैं कि मामले की सुनवाई अगले हफ्ते तीन सिंतबर को की जाए। इसके बाद ही पीठ ने राय दंपति के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने का सेबी को निर्देश दिया।

वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने भी पीठ से यही अनुरोध किया था। एनडीटीवी के प्रवर्तकों ने प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण के चार जनवरी 2021 के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की है। न्यायाधिकरण ने एनडीटीवी को आदेश दिया था कि वह सेबी द्वारा लगाए गए अर्थदंड की आधी रकम जमा कराए। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने सेबी द्वारा एनडीटीवी पर लगाए गए 27 करोड़ रुपए के अर्थदंड की वसूली पर रोक लगा दी थी।

सेबी का कहना है कि एनडीटीवी ने ऋण संबंधी कुछ अनुबंधों की जानकारी शेयर धारकों से छिपाकर प्रतिभूति नियमों का उल्लंघन किया था। इससे पहले न्यायमूर्ति धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एमआर शाह की पीठ ने भी अपीलकर्ताओं को सेबी के आदेश के खिलाफ न्यायाधिकरण में अपीलों के जल्दी निपटारे में सहयोग करने का आदेश दिया था। लेकिन न्यायाधिकरण ने 15 फरवरी को एनडीटीवी को सेबी द्वारा लगाए गए अर्थदंड का आधा जमा कराने का आदेश दिया था। न्यायाधिकरण ने कहा था कि बाकी रकम अपील लंबित रहने तक वसूल नहीं की जाए। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान एनडीटीवी के वकील मुकुल रोहतगी ने पीठ से कहा कि मौजूदा समय में टीवी चैनल चलाना बेहद मुश्किल काम है। आमदनी अच्छी नहीं है फिर भी चैनल चलाने के लिए खासी रकम चाहिए।

## मजबूत वैश्विक रुख से सोना 99 रुपए चढ़ा

नई दिल्ली, 27 अगस्त (भाषा)।

बहुमूल्य धातुओं की अंतरराष्ट्रीय कीमत में तेजी आने के बीच शुक्रवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 99 रुपए की तेजी के साथ 46,312 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 46,213 रुपए प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 32 रुपए के मामूली नुकसान के साथ 61,667 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 61,699 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना तेजी के साथ 1,798 डॉलर प्रति औंस पर बोला गया। वहीं चांदी 23.66 डॉलर प्रति औंस पर अपरिवर्तित रही।


पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING) punjab national bank ...the name you can BANK upon!

**सर्कल शास्त्र नई दिल्ली, दूसरी मंजिल, विक्रांत टॉवर, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली-ईमेल आईडी-cs4168@pnb-co-in**

**शुद्धिपत्र**

यह बिक्री सूचना इस समाचार पत्र में दिनांक 06.08.2021 को प्रकाशित हुई थी। जिसमें बैंक का पता सर्किल शास्त्र केंद्र पूर्वी दिल्ली, पॉकेट-ई, मयूर विहार फेज-II, दिल्ली-110091 ई-मेलः cs8075@pnb.co.in प्रकाशित हुआ है जो गलत है कृपया इसके जगह पर **सर्कल शास्त्र नई दिल्ली, दूसरी मंजिल, विक्रांत टॉवर, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली-ईमेल आईडी-cs4168@pnb-co-in** पढ़ा जाए। अन्य सभी नियम व शर्तें सामान्य रहेंगी।

तिथि : 27.08.2021
स्थान : नई दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी,
पंजाब नैशनल बैंक


## दिल्ली हवाईअड्डे पर यात्री यातायात में क्रमिक वृद्धि : रिपोर्ट

मुंबई, 27 अगस्त (भाषा)।

जीएमआर द्वारा शुक्रवार को जारी एक श्वेत पत्र के मुताबिक हवाई यात्रा की मांग में सुधार के साथ दिल्ली हवाई अड्डे में यात्रियों की संख्या में क्रमिक वृद्धि देखी गई है।

श्वेत पत्र के अनुसार इस महीने के पहले 10 दिन के दौरान प्रतिदिन लगभग 90,000 यात्रियों ने हवाई अड्डे से यात्रा की है। यह आंकड़ा मई के मध्य में यात्रियों की संख्या से पांच गुना अधिक है, जब दिल्ली हवाई अड्डे पर प्रतिदिन लगभग 18,000 यात्रियों की आवाजाही होती थी। श्वेत पत्र में कहा गया है कि जून 2021 के अंत तक यह संख्या बढ़ कर लगभग 62,000 यात्री प्रतिदिन हो गई।

जीएमआर के अनुसार कोविड की स्थिति में सुधार और टीकाकरण की रफ्तार तेज होने के साथ ही घरेलू यातायात के वित्त वर्ष 2022-23 के अंत तक कोविड से पहले के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। जीएमआर ने कहा कि देश भर में टीकाकरण में वृद्धि के साथ यात्रा करने वालों की संख्या बढ़ी है।


केनरा बैंक Canara Bank
सिंडिकेट Syndicate

**POSSESSION NOTICE**
**(For Immovable Property) Rule-8(1)**

जैसा कि प्रतिभूतिकरण व वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ते हुए अनुच्छेद-13 (2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने सम्बन्धित ऋणी के नाम के सामने दर्शाये गये खाते में उनके नाम के सामने दी गई तारीखों पर नोटिस की तारीख / उक्त नोटिस की तारीख से 60 दिनों में बकाया राशि अदा करने के लिए मांग नोटिस जारी किया गया था। ऋणियों / गारन्टरों द्वारा राशि अदा करने में असफल रहने पर ऋणी और जन सामान्य को नोटिस दिया जाता है कि खाते के सामने दी गई तारीख को उक्त नियमों के नियम-8 के साथ पढ़ते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे दी गई सम्पत्ति का कब्जा नीचे लिखी तिथि को ले लिया गया है। उधारकर्ता(ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 (8) के प्रावधानों के लिए आमंत्रित किया है। ऋणियों / गारन्टरों को विशेष रूप से एवं जन सामान्य रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि वे उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी प्रकार का लेन-देन न करें। इन सम्पत्तियों में किसी प्रकार का लेन-देन केनरा बैंक, शास्त्री नगर शाखा, गाजियाबाद को देय राशि एवं उस पर अर्जित ब्याज के चार्ज के पूर्ण भुगतान के पश्चात ही किया जा सकता है।

| क्र. सं. | शाखा का नाम एवं ऋणी / गारन्टर के नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण एवं सम्पत्ति स्वामी का नाम | मांग नोटिस की तिथि | कब्जा लेने की तिथि | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **ऋणीः** मै0 ऐरौन स्टील, 320 लोहा मण्डी, गाजियाबाद। प्रो0. श्री अखिलेश गुप्ता निवासी एस.सी. 335, ब्लॉक सी, सैक्टर-16, शास्त्री नगर, गाजियाबाद और श्रीमति ज्योति गुप्ता पत्नि श्री अखिलेश गुप्ता, निवासी एस.सी. 335, ब्लॉक सी, सैक्टर-16, शास्त्री नगर, गाजियाबाद। **शाखाः** शास्त्री नगर, गाजियाबाद। | आवासीय मकान नं0 एस.सी. 335, जिसकी माप 214.60 स्क्वेयर यार्ड, ब्लॉक सी, सैक्टर 16, शास्त्री नगर, गाजियाबाद, मालिक श्रीमति ज्योति गुप्ता पत्नि श्री अखिलेश गुप्ता। **जिसकी सीमाऐ- उत्तर** में रोड़, **दक्षिण** में मकान नं0. सी-334, **पूर्व** में रोड़ और **पश्चिम** में मकान नं0. सी-302. | 02.06.2021 | 26.08.2021 | रू0. 3,32,31,100.05 + ब्याज एवं अन्य व्यय दिनांक 01.06.2021 |
| 2. | **ऋणीः** मै0 सी आर सी मैटल्स एण्ड मशीन (इंडिया), प्लॉट नं0. सी-201, बीएस रोड़ इण्डस्ट्रियल एरिया, साईट - 1, गाजियाबाद, पार्टनर्स- श्री हर्ष कुमार पुत्र श्री नवल सिंह, एस-3, सत्य दीप अपार्टमेंन्ट, आर-9/215, राज नगर, गाजियाबाद और श्री राकेश नेगी पुत्र श्री जगमोहन सिंह नेगी, एस-23, द्वितीय तल, इल्डिको ग्रीन मीडॉज, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर। **शाखाः** शास्त्री नगर, गाजियाबाद। | प्रॉपर्टी नं0. 1- आवासीय प्लॉट नं0 3ए/036, सैक्टर 3ए, सुशान्त मेघपोलिस, अंसल हाईटैक टाउनशिप लि0 सैक्टर पीआई, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतमबुद्धनगर, जिसकी माप 260 स्क्वेयर मीटर मालिक श्री हर्ष कुमार पुत्र श्री नवल सिंह। **जिसकी सीमाऐ- उत्तर** में 12 मीटर चौड़ा रोड़, **दक्षिण** में प्लॉट नं0. 37, **पूर्व** में प्लॉट नं0. 35 और **पश्चिम** में 18 मीटर चौड़ा रोड़। प्रॉपर्टी नं0. 2- आवासीय मकान नं0 14, ब्लॉक सी, सैक्टर सिग्मा 04, ग्रेटर नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर जिसकी माप 220 स्क्वेयर मीटर मालिक श्री राकेश नेगी पुत्र श्री जगमोहन सिंह नेगी। **जिसकी सीमाऐ- उत्तर पूर्व** में मकान नं0. 21, **दक्षिण पश्चिम** में 12 मीटर चौड़ा रोड़, दक्षिण **पूर्व** में मकान नं0. 12ए और उत्तर **पश्चिम** में मकान नं0. 15. | 02.06.2021 | 26.08.2021 | रू0. 2,58,91,139.57 + ब्याज एवं अन्य व्यय दिनांक 01.06.2021 |

**दिनांकः 27-08-2021** **क्षेत्रीय कार्यालय : गाजियाबाद।** **प्राधिकृत अधिकारी**